

## सरकार, पीसीबी से किसी तरह का सहयोग नहीं मिलाः दानिश कनेरिया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कराची। स्पॉट फिक्सिंग के कारण आजीवन प्रतिबंध झेल रहे लेग स्पिनर दानिश कनेरिया ने शनिवार को पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) और देश की सरकार पर नए आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा है कि प्रतिबंध लगने के बाद इन दोनों ने उनकी कोई मदद नहीं की।

कनेरिया ने ट्विटर पर लिखा, 'यह सच है कि मेरे कबूलनामे के बाद मुझे पाकिस्तान सरकार या बोर्ड से किसी तरह का समर्थन नहीं मिला जबकि मेरी ही जैसी स्थिति से निकले अन्य खिलाड़ी पाकिस्तान के लिए खेल रहे हैं। वो भी पीसीबी के समर्थन के साथ और उन्हें सम्मान भी दिया जा रहा है।'

39 साल के इस खिलाड़ी ने हालांकि कहा है कि पाकिस्तान की जनता ने उनसे कभी मुसलिम प्रधान देश में हिन्दु होने पर सौतेला व्यवहार नहीं किया। कनेरिया ने लिखा, 'पाकिस्तान के लोगों ने हालांकि मेरे साथ कभी धर्म के आधार पर भेदभाव नहीं किया। मुझे इस बात पर गर्व है कि मैं पाकिस्तान के लिए पूरी ईमानदारी से खेल सका। अब यह मेरे देश की सरकार, इमरान खान, पीसीबी का मसला है, मेरा भविष्य उनके हाथ में है।' इससे पहले कनेरिया ने शुक्रवार को कहा था कि कुछ खिलाड़ी पीठ पीछे उनको लेकर टिप्पणियां करते थे।

# धोनी ने कप्तान और सिलेक्टर्स से बात की होगीः गांगुली

**क्रिकेट**

### गांगुली बोले, अगला धोनी जल्दी नहीं मिलेगा, वह भारतीय क्रिकेट के चैंपियन हैं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) अध्यक्ष सौरभ गांगुली ने शनिवार को कहा कि महेंद्र सिंह धोनी ने अपने भविष्य की योजनाओं के बारे में कप्तान विराट कोहली और चयनकर्ताओं से जरूर बात की होगी। धोनी वनडे वर्ल्ड कप में भारत के सेमीफाइनल से बाहर होने के बाद से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से दूर हैं जिससे उनके भविष्य को लेकर अटकलें लगाई जा रही हैं।

गांगुली ने एक निजी टीवी चौनल से कहा, 'उन्होंने (धोनी) कप्तान से बात की है और मुझे यकीन है कि चयनकर्ताओं से भी बात की होगी। मुझे नहीं लगता कि इस बारे में बात करने के लिए यह कोई मंच है।' उन्होंने 2011 वर्ल्ड कप विजेता पूर्व कप्तान की तारीफ करते हुए





कहा कि धोनी जैसा खिलाड़ी मिलना मुश्किल है।

उन्होंने कहा, 'यह धोनी का फैसला होगा कि वह क्या करना चाहते हैं। मैंने उनसे बात नहीं की है लेकिन वह भारतीय क्रिकेट के चैंपियन हैं।' 38 वर्षीय धोनी आखिरी बार ब्लू जर्सी पहने आईसीसी वर्ल्ड कप–2019 के सेमीफाइनल में नजर आए थे। 47 वर्षीय गांगुली ने कहा, 'आपको अगला एमएस धोनी जल्दी नहीं मिलेगा लेकिन यह उन्हें तय करना है कि वह खेलना चाहते हैं या नहीं। यह उनका फैसला होगा।' धोनी ने अपने भविष्य के बारे में बात करने से अभी तक कुछ नहीं कहा है। मुंबई में एक कार्यक्रम में उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी के सवाल पर कहा था कि जनवरी 2020 के बाद ही यह सवाल पूछा जाए। हाल ही में भारत के आईसीसी टूर्नामेंट नहीं जीत पाने के सवाल पर गांगुली ने कहा कि वह विराट कोहली और कोच रवि शास्त्री को इस पर बात करने के लिए कहेंगे। भारत ने आखिरी बार 2013 में आईसीसी टूर्नामेंट जीता था, जब धोनी की अगुआई में टीम ने चौंपियंस ट्रोफी के फाइनल में इंग्लैंड को मात दी थी। गांगुली ने कहा, 'इस बारे में बात करनी होगी। मैं विराट और रवि से बात करूंगा।' अगले साल ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 वर्ल्ड कप में भारत की संभावनाओं के बारे में उन्होंने कहा, 'भारत जीत सकता है। मेरे पास कुछ सुझाव हैं लेकिन मैं सार्वजनिक रूप से उस पर बात नहीं करूंगा। भारत को पहले बल्लेबाजी करने पर कई बार दिक्कत आई है जिसमें सुधार करना होगा।' धोनी ने अब तक अपने करियर में अब तक 90 टेस्ट, 350 वनडे और 98 टी20 इंटरनैशनल मैच खेले हैं।

## बॉक्सिंग ट्रायल्सः मैरी ने नहीं मिलाया निकहत से हाथ, बोलीं– ऐसे लोग पसंद नहीं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। छह बार की वर्ल्ड बॉक्सिंग चौंपियन एमसी मैरी कॉम ने शनिवार को अपनी प्रतिद्वंद्वी बॉक्सर निकहत जरीन को हराकर ओलिंपिक क्वॉलिफायर्स में अपनी जगह पक्की कर ली है। ये ओलिंपिक क्वॉलिफायर्स अगले साल चीन में आयोजित होंगे। लेकिन दोनों बॉक्सर के बीच जारी तकरार एक बार फिर बढ़ती दिख रही है। इस मैच में अपनी जीत के बाद भी मैरी कॉम निकहत जरीन से नाराज दिखीं। मैच के बाद मैरी कॉम ने कहा कि मुझे ऐसे लोग बिल्कुल पसंद नहीं हैं।

दोनों के बीच आज हुए ट्रायल मैच के बाद मैरी कॉम ने युवा निकहत से हाथ मिलाने से इनकार कर दिया। जब मैरी कॉम से



इस पर सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा कि मुझे उनसे हाथ मिलाने की जरूरत क्यों है? अगर वह दूसरों से सम्मान की अपेक्षा रखती हैं तो उन्हें दूसरों का सम्मान करना भी आना चाहिए।

ये दोनों ही बॉक्सर एक ही वैट कैटिगरी (51 किलोग्राम) में खेलती हैं। पिछले कुछ समय से दोनों के बीच तकरार जारी है। निकहत ने कई बार इस चैंपियन बॉक्सर पर आरोप लगाए हैं कि उनके चलते बॉक्सिंग में उनकी अनदेखी की जाती है।

निकहत ने इस ट्रायल्स से पहले भी आशंका जताई थी कि भारतीय बॉक्सिंग संघ बिना ट्रायल्स के मैरी कॉम को ओलिंपिक क्वॉलिफायर में भेजना चाहता है। इसके बाद बीएफआई ने साफ किया कि ओलिंपिक क्वॉलिफायर्स के लिए चयन से पहले दोनों बॉक्सरों को ट्रायल्स में उतरना होगा। इस मैच से पहले निकहत ने यह भी कहा था कि इस मैच का टेलिविजन पर लाइव टेलिकास्ट होना चाहिए ताकि देश भर के लोगों दोनों बॉक्सर्स के खेल का खुद से भी आकलन कर सकें कि दोनों में कौन बेहतर है। शनिवार को हुए इस मुकाबले में बंटे हुए नतीजे में मैरी कॉम की जीत हुई। इस मुकाबले में बहुत कम मुक्के चले और मैरी कॉम ने 9–1 से जीत हासिल कर टीम में जगह बनाई।

## वर्ल्ड कप में खेल चुके दिलप्रीत सिंह को नेशनल हॉकी कैंप में मिली जगह

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। अगले महीने भुवनेश्वर में खेली जाने वाली हॉकी प्रो लीग के लिए हॉकी इंडिया ने 32 सदस्यीय संभावित पुरुष खिलाड़ियों की घोषणा की जिसमें युवा स्ट्राइकर दिलप्रीत सिंह की वापसी हुई है। दिलप्रीत 2018 पुरुष वर्ल्ड कप की टीम में थे। उन्हें सुल्तान जोहोर कप में शानदार प्रदर्शन का पुरस्कार मिला है। भारतीय टीम ने इस टूर्नामेंट में सिल्वर मेडल जीता था। प्रो लीग में नीदरलैंड के खिलाफ 18 और 19 जनवरी (2020) को खेले जाने वाले मुकाबले से पहले दो सप्ताह तक चलने वाली इस शिविर में 32 सदस्यीय दल मुख्य कोच ग्राहम रीड देखरेख में अभ्यास करेगा। कलिंगा हॉकी स्टेडियम में होने वाले राष्ट्रीय शिविर के लिए शिलानंद लाकड़ा, राजकुमार पाल, एनएस जेस और दिप्सन टिर्की जैसे युवाओं को संभावित खिलाड़ियों की सूची में शामिल किया गया है। नवंबर में हुए एफआईएच ओलिंपिक क्वॉलिफायर में टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए एसवी सुनील के साथ आकाशदीप सिंह, रमनदीप सिंह, सिमरनजीत सिंह, मनदीप सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, गुरसाहिबजीत सिंह, शमशेर सिंह, सूरज करकेरा, जनमनप्रीत सिंह, जसप्रीत सिंह, गुरजंत सिंह और सुमित को भी संभावित खिलाड़ियों की सूची में जगह मिली है।

## न्यूज डायरी



### स्टोक्स ने बनाया था इंग्लैंड को वर्ल्ड चैंपियन, अब महारानी एलिजाबेथ करेंगी सम्मानित

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। हरफनमौला बेन स्टोक्स के साथ आईसीसी विश्व कप जीतने वाली इंग्लैंड क्रिकेट टीम के सदस्यों को ब्रिटेन के 'न्यू इयर आनर्स लिस्ट' में जगह दी गई है। स्टोक्स ने आईसीसी विश्व कप के फाइनल में न्यू जीलैंड के खिलाफ 84 रन की पारी खेलकर टीम को विश्व विजेता बनाया था। इसके छह सप्ताह बाद उन्होंने एशेज सीरीज के तीसरे टेस्ट में नाबाद 135 रन बनाकर टीम को जीत दिलाई। स्टोक्स को 'ऑफिसर ऑफ द आर्डर ऑफ ब्रिटिश एम्पायर' के सम्मान के लिए चुना गया है, जिसे महारानी एलिजाबेथ द्वितीय द्वारा दिया जाएगा। विश्व विजेता टीम के कप्तान इयान मोर्गन को 'कमांडर ऑफ द आर्डर आफ ब्रिटिश एम्पायर' के सम्मान के लिए चुना गया, जबकि विकेटकीपर जोस बटलर और टेस्ट टीम के कप्तान जो रूट को 'मेंबर ऑफ द आर्डर आफ ब्रिटिश एम्पायर' का सम्मान मिलेगा।

### निष्पक्ष ट्रायल कराये रू बीएफआई अध्यक्ष अजय सिंह

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) के अध्यक्ष अजय सिंह ने शनिवार को कहा कि बीएफआई ने ओलंपिक क्वालीफायर के लिये महिला टीम चुनने के लिये निष्पक्ष ट्रायल कराये। छह बार की विश्व चौम्पियन एमसी मेरीकाम ने निकहत जरीन को 9–1 से हराकर ओलंपिक क्वालीफायर के लिये टीम में 51 किग्रा वर्ग में जगह बनायी। दोनों मुक्केबाजों ने मैच खत्म होने के बाद हाथ नहीं मिलाया। सिंह ने कहा, ''निकहत के समर्थक थोड़े हताश थे लेकिन यह सब खेल भावना में हुआ। थोड़ा सा उत्साह हमेशा होता है। मैं खुश हूं कि मैच में इतना उत्साह था। '' मेरीकाम के जरीन को गले नहीं लगाने देने के बारे में उन्होंने कहा, ''हर इंसान की भावनायें होती हैं। वह भी इंसान है। मुझे लगता है कि हमें पूर्वाग्रह से प्रेरित नहीं होना चाहिए। '' उन्होंने कहा, ''अच्छा है कि यह ट्रायल हुआ और हर कोई देख सकता था। हमारे पास 10 जज थे ताकि निष्पक्ष और उचित नतीजे सुनिश्चित किये जा सकें। सभी के प्रतिनिधि मौजूद थे।

### वेटलिफ्टर सीमा डोपिंग के चलते चार साल के लिए प्रतिबंधित

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारत की राष्ट्रमंडल चौंपियनशिप की रजत पदकधारी वेटलिफ्टर सीमा पर डोपिंग उल्लघंन के लिए चार साल का प्रतिबंध लगाया गया। राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी ने कहा कि सीमा के डोप नमूने इस साल विशाखापत्तनम में 34वीं महिला राष्ट्रीय भारोत्तोलक चौंपियनशिप के दौरान एकत्रित किए गए थे। बयान के अनुसार, श्चौंपियनशिप के दौरान लिए गए नमूने में प्रतिबंधित पदार्थ पाए गए, जो प्रदर्शन को सुधारने के लिए किए गए थे। यह पूरी तरह से धोखाधड़ी और राष्ट्रीय डोपिंग रोधी नियमों का सीधा उल्लघंन था। इसके मुताबिक, श्उनके नमूने में हाइड्रोक्सी 4 मिथॉक्सी टेमोक्सीफेन, सलेक्टिव एस्ट्रोजन रिसेप्टर मॉड्यूलर मेटेनोलोन, एनाबोलिक स्टेरॉयड ओस्टारीन, सलेक्टिव एंड्रोजन रिसेप्टर मॉड्यूलर मौजूद थे।

### यूपी ने सौराष्ट्र को पारी और 72 रन से हराया, पुजारा फ्लॉप

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** राजकोट। यूपी टीम ने शनिवार को यहां रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप बी मैच में सौराष्ट्र को पारी और 72 रन से हरा दिया। इस मुकाबले में टेस्ट स्पेशलिस्ट चेतेश्वर पुजारा दूसरी पारी में बल्ले से विफल रहे। उत्तर प्रदेश ने सौराष्ट्र को पहली पारी में 331 रन पर समेट दिया और फिर मध्यक्रम बल्लेबाज मोहम्मद सैफ के 165 रन के बूते 523 रन का विशाल स्कोर बनाया। इससे उत्तर प्रदेश ने पहली पारी के आधार पर 192 रन की बढ़त हासिल कर ली। चौथे और अंतिम दिन जब खेल शुरू हुआ तो सौराष्ट्र को मैच बचाने और हार से बचने के लिए टिककर बल्लेबाजी करने की जरूरत थी लेकिन उत्तर प्रदेश के कप्तान सौरभ कुमार ने अपनी फिरकी की जादू से प्रतिद्वंद्वी टीम के छह बल्लेबाजों को पवेलियन की राह दिखाई।